A **609**

समग्र शिक्षा केरल

FIRST TERMINAL EVALUATION 2023-24

पहला कार्यकालांत मूल्यांकन

हिंदी

कक्षा 6 समय : 2 घंटे

सामान्य निर्देश :

- पंद्रह मिनिट का कूल ऑफ टाइम प्रश्न-पत्र वाचन के लिए है।
- गतिविधि 1 का उत्तर लिखना अनिवार्य है।
- 2 से 6 तक की गतिविधियों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखें।

गतिविधि 1

सूचना : खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

एक तालाब के किनारे एक पीपल का पेड़ था। उस पेड़ पर बहुत सारे बंदर रहते थे। एक रात आसमान में चाँद निकला हुआ था। उसकी छाया पानी में चमक रही थी। एक बंदर ने कहा, "चाँद पानी में गिर गया है।"

क) तालाब के किनारे कौन सा पेड़ था?

अ) आम का पेड़ आ) पीपल का पेड़

इ) कटहल का पेड़ ई) ताड़ का पेड़

ख) पेड़ पर कौन रहता था?

अ) बंदर आ) शेर

इ) बाघ ई) खरगोश

ग) चाँद कहाँ निकला हुआ था?

अ) तालाब के किनारे आ) आसमान में

इ) धरती पर ई) पीपल के पेड़ पर

घ) किसकी छाया पानी में चमक रही थी?

अ) पेड़ की आ) बंदर की

इ) चाँद की ई) सूरज की

ङ) बंदर ने क्या कहा?

अ) सूरज पानी में गिर गया है। आ) बंदर पानी में गिर गया है।

इ) पीपल पानी में गिर गया है। ई) चाँद पानी में गिर गया है।

गतिविधि 2

सूचना : कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

देश हमारा, देश हमारा
चमके जैसे जगमग तारा।
देश हमारा, देश हमारा
सत्य, अहिंसा का रखवारा।
देश हमारा, देश हमारा
बलिदानों ने उसे संवारा।
देश हमारा, देश हमारा
हमें है अपनी जान से प्यारा।

क) कवितांश से कोई एक तुकांत शब्द चुनकर लिखें।
जैसे : तारा, प्यारा

ख) सही मिलान करें।

सत्य, अहिंसा का	तारा
बलिदानों ने	देश
जगमग	रखवारा
जान से प्यारा	संवारा

गतिविधि 3

सूचना : 'बादल दानी' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

सागर से भर-भर जल लाते,
गाँव-गाँव में रस बरसाते,
सब जीवों की प्यास बुझाते,
धरती हो जाती है धानी,
बादल दानी, बादल दानी।

क) कवितांश में **पानी** का समान अर्थवाला शब्द कौन-सा है?

ख) 'पानी अमूल्य है' - संदेश देते हुए **पोस्टर** तैयार करें।

गतिविधि 4

सूचना : चित्रकथा देखें और वाक्यों को क्रमबद्ध करके लिखें।



- सबने मिलकर बादल को बचाया।
- सब खुशी से नाचने लगे।
- बंदर और बगुला प्यासे बैठे थे।
- बिल्ली से पूछा- "बादल को देखा है?"
- बिल्ली ने कहा- "बादल बूढ़े बबूल में फँसा है।"

गतिविधि 5

सूचना : चित्र देखें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।



क) चित्र के किसी एक **जानवर का नाम** लिखें।

ख) चित्र के आधार पर **विवरण** तैयार करें।

गतिविधि 6

सूचना : वर्गपहेली बुझाएँ।

नीचे की ओर ⬇

1



2



3





मछली बादल
बंदर गाय
हिरण

दाईं ओर ➔

4



5